आकाशवाणी चंडीगढ़

(16 अगस्त 2025, समय 1810

**मुख्य समाचार :-**

- हरियाणा, पंजाब और चण्डीगढ़ सहित देशभर में जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम और श्रद्धा से मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने लोगों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना के तहत प्रदेश के 2 हजार, 20 अन्त्योदय परिवारों के बैंक खातों में 76 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दो बड़ी राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने बागवानी फसलों की तर्ज़ पर शहद को भावान्तर भरपाई योजना में शामिल करने की घोषणा की।
- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी  सातवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

***************************************************************************

हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ सहित देश भर में जन्माष्टमी का त्योहार बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है

हरियाणा में कुरुक्षेत्र की भूमि पर जन्माष्टमी को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। गीता स्थली कुरुक्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह ने प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी।

फरीदाबाद, बल्लभगढ़  व अन्य कई स्थानों से भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर कृष्ण लीला की झांकियों के दर्शन और मदिरों को सजाए जाने के समाचार मिले हैं। बच्चों के लिए धार्मिक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया है। बल्लभगढ़ की गोदावरी सोसाइटी में आयोजित जन्माष्टमी महोत्सव में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली और पूर्व मंत्री व बल्लभगढ़ से विधायक मूलचंद शर्मा शिरकत करेंगे।

***************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना के तहत अंत्योदय परिवारों को डिजिटल माध्यम से आर्थिक मदद का वितरण किया। यह आर्थिक सहायता परिवार के

किसी सदस्य की असमय मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता की स्थिति में दी जाती है। चंडीगढ़ में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया –

उन्होंने कहा कि सरकार की दयालु योजना राज्य के जरूरतमंद परिवारों के लिए संबल का आधार बन रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का दायित्व है कि वह अपने नागरिकों के कठिन समय में परिवार के साथ खड़ी हो। उन्होंने बताया कि दयालु योजना के तहत अब तक 36 हजार 651 परिवारों को 1,380 करोड़ रुपये की सहायता दी जा चुकी है।

**************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दो प्रमुख राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। लगभग 2,000 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इन चार मार्गीय सड़कों से सोनीपत और बहादुरगढ़ में कनेक्टिविटी बेहतर होगी। आज चंडीगढ़ में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा –

उन्होंने कहा कि ये राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र को ट्रैफिक जाम और कनेक्टिविटी की चुनौतियों से मुक्त करेंगी।

**************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने बागवानी फसलों की तर्ज पर शहद को भावांतर भरपाई योजना में शामिल करने की घोषणा की है और कहा है कि शहद की बिक्री के लिए रामनगर में शहद विपणन केंद्र की व्यवस्था की जाएगी। कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय एकीकृत मधुमक्खी पालन कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत का शहद अधिक गुणवत्ता परक है किसान इसे विदेश में बेचकर फायदा उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी शहद के अलावा रॉयल जेली, बी वैक्स, बी वेनम जैसे उत्पाद देती है जिनकी कॉस्मेटिक उद्योग में काफी मांग है। मुख्यमंत्री ने युवा किसानों से मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में उतरने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा चंडीगढ़ और कुरुक्षेत्र में भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की। पंचकूला में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की सातवीं पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, महिला उपाध्यक्ष बंतो कटारिया और जिला अध्यक्ष अजय मित्तल सहित जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**************************************************************************

विधानसभा उपाध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण मिड्ढा ने आज जींद के हरियाणा परिवहन के डिपो में पांच ए.सी बसों को विधिवत रूप जनता को समर्पित किया।

रोडवेज महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि इन पांच बसों में से तीन को चंडीगढ़ के लिए तथा दो को गुरुग्राम के लिए चलाया गया है।

***************************************************************************

हरियाणा के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने आज नरवाना में कल होने वाली मुख्यमंत्री की विकास रैली को लेकर रैली स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा और पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह उनके साथ रहे। श्री बेदी ने कहा मुख्यमंत्री के नरवाना आने से रुके हुए विकास कार्यों को गति मिलेगी ।

***************************************************************************